# बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो : कुणाल

- प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की
- प्रत्येक विभाग को टाइम बाउंड लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए



बीकानेर जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,**(कासं)। शिक्षा विभाग के शासन सचिव तथा जिले के प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने शनिवार को जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अविलम्ब तैयार कर लिए जाएं और इसके लिए जिला कलेक्टर एवं उच्च स्तर से समन्वय रखा जाए। घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होगी।

प्रभारी सचिव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और पाइपलाइन संबंधी कार्य, खाजूवाला में पेयजल पुनर्गठन शहरी जलप्रदाय योजना, सोलर पार्क, नए जीएसएस बनाने, सड़क निर्माण, नागणेची मंदिर के सामने बनने वाले आरओबी, लूणकरनसर और श्रीडूंगरगढ़ के आरयूबी, बीकानेर कोटपूतली एक्सप्रेस वे, शहरी क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या के स्थाई समाधान, शहरी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के विस्तार, सिरेमिक पार्क और कपिल सरोवर के सौन्दर्यकरण सहित प्रत्येक बजट घोषणा के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना और कहा कि जिला स्तर पर भी इनकी नियमित समीक्षा की जाए। प्रत्येक विभाग को टाइम बाउंड लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में पेयजल सप्लाई की स्थिति और पेयजल गुणवत्ता, ट्रांसफॉर्मर्स और विद्युत सप्लाई की स्थिति के बारे में भी जाना। उन्होंने मौसमी बीमारियों जांच और दवाओं की उपलब्धता, पशु स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बुलेंस और दवाओं के बारे में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने मुख्यमंत्री पौधारोपण महाभियान के लक्ष्य और इनकी तुलना में अब तक पौधारोपण और भावी कार्य योजना के बारे में जाना। साथ ही संपूर्णता अभियान के सभी छह सूचकांकों के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा भी की।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला और संबंधित विभाग स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जायेगी।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले में 30 लाख पौधे लगाये जायेंगे। इसके लिए स्थान चिन्हित करते हुए क्रमबद्ध पौधारोपण किया जा रहा है। मनरेगा के तहत लगभग साढ़े तीन लाख पौधे लगाये जायेंगे। एक तहत एक दिन में एक लाख पौधे लगाये गए। आने वाले समय में इस क्रम को और अधिक गति दी जायेगी। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव और जागरूकता के लिए नर्सिंग कॉलेज के लगभग 300 विद्यार्थियों द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे तथा एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नीति आयोग के संपूर्णता अभियान से जुड़े विभागों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के बारे में बताया।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। चिकित्सा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह रविवार सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन संबंधी बैठक लेंगे। इस दौरान हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी करेंगे। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

## 31 जुलाई तक खरीफ फसलों का बीमा

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान सरकार ने खरीफ 2024 के लिए फसल बीमा की अधिसूचना जारी कर दी है।

संयुक्त निदेशक (कृषि) विस्तार कैलाश चौधरी ने बताया कि बीकानेर जिले के लिए कृषि बीमा कंपनी अधिसूचित की गई हैं। किसान अपनी फसलों ग्वार, मोठ, मूंग, तिल, कपास, मूंगफली एवं बाजरा का बीमा बैंक या सीएससी के माध्यम से 31 जुलाई तक करवा सकते हैं।

फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, गैर ऋणी, बटाईदार किसान भी ले सकेंगे। जिन किसानों ने किसी भी वित्तीय संस्थाओं से अल्पकालीन फसली ऋण स्वीकृत करवाया है। उन किसानों का बीमा संबंधित बैंक या सहकारी समिति के माध्यम से किया जायेगा। जिन किसानों ने ऋण नहीं ले रखा है, वे किसान नजदीकी ई-मित्र केन्द्र या किसी भी बैंक या समिति के माध्यम से फसलों का बीमा करवा सकते हैं।

फसल बीमा योजना के प्रभारी अधिकारी डॉ मानाराम जाखड़ ने बताया कि खरीफ फसलों का बीमा करवाने के लिए किसानों को कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा करानी होगी। खरीफ फसलों के बीमा के लिए प्रति हैक्टेयर प्रीमियम की राशि ग्वार 357, मूंग 735, मोठ 376, मूंगफली 2897, कपास 1547, बाजरा 209, एवं तिल 360 रूपए रहेगी। वे ऋणी कृषक अपनी फसलों का बैंक से बीमा नहीं करवाना चाहते वे फॉर्म भरकर 24 जुलाई तक बैंक में जमा करवाएं। इससे बैंक द्वारा उनकी फसलों का बीमा नहीं किया जायेगा।

## गंदे पानी की पाल फिर टूटी, आवासीय क्षेत्र पानी से घिरे

- बल्लभ गार्डन क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज के नजदीक गंदे पानी को रोकने के लिए बनाई गई पाल टूट गई

**बीकानेर,**(कासं)। बल्लभ गार्डन क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज के नजदीक गंदे पानी को रोकने के लिए बनाई गई पाल शुक्रवार को टूट गई। पाल टूटने से गंदा पानी आस -पास स्थित खेतों, आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच गया।

दोपहर तक मदन विहार, बजरंग विहार, राधा स्वामी सत्संग भवन, पीरखाना सहित बड़े क्षेत्र में पहुंच गया। दर्जनों मकान गंदी पानी से घिर गया। लोगों को अपने घरों से निकलना और घरों में पहुंचना मुश्किल हो गया। गंदे पानी को रोकने के लिए बनी कच्ची पाल के टूटने की सूचना मिलते ही निगम प्रशासन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर भेज दिया। बड़े क्षेत्र में पानी का भराव होने के कारण निगम संसाधन पाल टूटने के स्थल तक शाम तक नहीं पहुंच पाए। पाल तक पहुंचने के प्रयास चलते रहे।

बल्लभ गार्डन क्षेत्र में गंदे पानी की पाल टूटने से अनेक क्षेत्रों तक पानी पहुंच गया। दोपहर बाद तक क्षेत्र में पानी के भराव का क्रम जारी रहा। पाल टूटने के स्थान से गंदा पानी लगातार बहता रहा। क्षेत्र में दर्जनों बीघा भूमि पर गंदा पानी भरता रहा। साई मंदिर के पीछे, मदन विहार, बजरंग विहार, पीरखाना रोड सहित आस पास के क्षेत्रों, आरओबी रोड सहित अनेक क्षेत्रों में पानी पहुंचता रहा।

बल्लभ गार्डन क्षेत्र में गंदे पानी को रोकने के लिए बनाई हुई पाल के बार-बार टूटने का सिलसिला बना हुआ है। गत वर्षों में कई बार मिट्टी से बनी पाल टूट चुकी है। बारिश के दौरान पानी की मात्रा बढ़ने से मिट्टी का कटाव प्रारंभ हो जाता है व पाल टूट जाती है। गंदे पानी के यहां से निस्तारण की पुख्ता व्यवस्था नहीं है। हर बार निगम लाखों रूपए खर्च कर फिर पाल बनाता है।

मिट्टी की पाल को पुन: बांधने के लिए, निगम ने पॉकलेन मशीन की मदद लेने का निर्णय लिया है। निगम स्वास्थ्य अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी के अनुसार पाल टूटने की सूचना मिलते ही जेसीबी मशीने मौके पर भेज दी गई। पाल टूटने के स्थल तक पहुंचने और जल्द पाल बंधे इसके लिए पॉकलेन मशीन की इस कार्य में मदद ली जायेगी। वहीं डम्पर, ट्रैक्टर भी उपयोग में लिए जायेंगे।

## जमीन का फर्जी आवंटन कर 50 लाख रूपए हड़पे

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में बज्जू तहसील कार्योलय के कर्मचारियों से मिलीभगत कर हजारों बीघा जमीन का फर्जी आवंटन करने व 50 लाख रूपए हड़पने के आरोप में तीन जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

पुलिस के अनुसार परिवादी विवेक नगर बीकानेर निवासी ओंकारमल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपियों ने बज्जू तहसील कार्यालय के कर्मचारियों से मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार करके हजारों बीघा जमीन का फर्जी आवंटन, फर्जी रसीदें तैयार कर 50 लाख रूपए हड़प लिए। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर लूणकरनसर के इन्द्रा मार्केट निवासी सुनील कुमार डागा, उसके बेटे प्रदीप कुमार डागा, दलाल साहबराम बिश्नोई निवासी चारणवाला के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई महेन्द्र सिंह को सौंपी गई है।

## निजी डेयरी पर छापा, नकली देशी घी जब्त

- टीम ने यहां से 26 किलो घी जब्त कर सैंपल भरे हैं
- तीन घंटे तक कोई नहीं आया तो प्रतिष्ठान सीज करना पड़ा

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में अशुद्ध खाद्य पदार्थों का साम्राज्य लगातार फैलता ही जा रहा है। अब उत्तरप्रदेश की नज़र भी बीकानेर पर पड़ चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निजी डेयरी पर छापा मारकर नकली देशी घी जब्त कर सैंपल भरे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम ने आज एक डेयरी पर धावा बोला। जानकारी के अनुसार पार्षद प्रतिनिधि श्याम सिंह हाड़ला ने शिकायत दी थी कि नवीन डेयरी द्वारा घटिया किस्म का घी ऑफर का लालच देकर बेचा जा रहा है। इस पर कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देश पर फूड इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार व फूड इंस्पेक्टर श्रवण कुमार वर्मा मय टीम ने सुभाषपुरा स्थित नवीन डेयरी में रेड की।

श्रवण कुमार ने बताया कि नवीन डेयरी के इस प्रतिष्ठान पर मौजूद कर्मचारी भाग छूटा। बाद में डेयरी मालिक से बात करने की कोशिश की तो फोन काटा। मुश्किल से बात हुई तो फूड इंस्पेक्टर को धमकाया। कहा दुकान सीज मत करना।

टीम ने यहां से 26 किलो घी जब्त कर सैंपल भरे हैं। तीन घंटे तक कोई नहीं आया तो प्रतिष्ठान सीज करना पड़ा। वहीं रामपुरा व पंजाबगिरान मोहल्ला में भी डेयरी के प्रतिष्ठान हैं। लेकिन टीम वहां पहुंची तब तक कर्मचारी ताले लगाकर भाग चुके थे। लोगों से जानकारी मिली है कि कंपनी ने बीकानेर में चालीस आउटलेट खोले हैं।

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा आज निकलेगी

**बीकानेर,**(कासं)। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ बीकानेर के तत्वावधान में बीकानेर में इस वर्ष भव्य रथ यात्रा 14 जुलाई को निकाली जायेगी।

जो भगवान जगन्नाथ को एक बार रथ पर आरूढ़ देख लेता है उसका पुनर्जन्म नहीं होता और वो भगवान के धाम को जाता है। इस्कॉन के केन्द्र प्रभारी अवतार गौर दास ने बताया कि हर वर्ष रथयात्रा महोत्सव इन नव दिवस के बीच के अंतराल में मनाया जाता है। जगन्नाथ का रथ जस्सूसर गेट से 4 बजे प्रारंभ होकर डागा चौक, दाऊजी मंदिर, कोटगेट, केईम रोड, जूनागढ़, पब्लिक पार्क, रविन्द्र रंगमंच, पंचसती सर्किल होते हुए प्रोग्राम सेंटर, सादुल गंज, बी-13 के सामने पहुंचेगा।

जगह-जगह रथ के स्वागत के लिए व्यवस्था की जायेगी। साथ ही जो भी श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने आयेंगे, वे उन्हें पुष्प अर्पित कर सकते हैं।

बीकानेर में बिल्कुल पुरी की रथ यात्रा का अनुभव होगा। सामने जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा महारानी और सुदर्शन प्रभु को रथ पर आरूढ़ देख रहे होंगे और सभी भक्त भगवान के रथ को रस्सी से खीचेंगे। साथ ही पूरे वातावरण में उच्च स्वर से मधुर हरिनाम संकीर्तन का यशोगान होगा।

इसके साथ-साथ प्रसाद का वितरण भी किया जायेगा। जैसा कि हम जानते है कि जगन्नाथ के भात दुनिया पसारे हाथ' इस्कॉन पर रथ पहुंचने के उपरांत सभी जगन्नाथ भक्तों के लिए प्रसादम की व्यवस्था रहेगी।

## जिला प्रभारी मंत्री आज गंगानगर आयेंगे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा 14 जुलाई को श्रीगंगानगर आयेंगे। जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

जिला कलेक्टर लोकबंधु ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2024-25 से संबंधित राज्य स्तरीय बैठक में जिला प्रभारी मंत्री को अपने प्रभार जिलों में पहुंचकर बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में 14 जुलाई को जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा गंगानगर आयेंगे। वे यहां दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेंगे।

## सरकारी भूमि पर पहले कब्जा फिर निर्माण, प्रशासन मौन

- छतरगढ़ में सरकारी भूमि पर कब्जे, प्रशासन महज नोटिस चस्पा कर खानापूर्ति ही कर रहा है

**छतरगढ़,**(कासं)।०छतरगढ़ कस्बे में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण प्रशासन की नजर के सामने किया जा रहा है लेकिन अतिक्रमियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

यहां दिनदहाड़े नेशनल हाईवे, आवा रोड, गौशाला आदि जगहों पर खाली बेशकीमती सरकारी भूमि पर पट्टियां, बाड़, निर्माण सामग्री डालने के बाद दुकानों का पक्का निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। भूमाफिया और छतरगढ़ प्रशासन में करीब दो महिनों से अवैध कब्जों को लेकर आंख-मिचौली का खेल चल रहा है। प्रशासन की ओर से महज खानापूर्ति करने से अतिक्रमियों ने करोड़ों की सरकारी जमीन अतिक्रमण के भेंट चढ़ रही है। हालांकि छतरगढ़ प्रशासन की ओर से अवैध कब्जों को लेकर महज खानापूर्ति करते हुए मौके से पट्टियां व खोखे हटाकर कार्रवाई की थी। जबकि पक्का निर्माण, निर्माण सामग्री सहित खोखे अभी भी कायम है।

समाजसेवी लोगों ने अवैध कब्जों को लेकर छतरगढ़ तहसीलदार को ज्ञापन देकर अवैध कब्जे नहीं हटाने पर सोमवार को तहसील कार्यालय आगे धरना-प्रदर्शन की चेतावनी छतरगढ़ प्रशासन को दी है।

प्रशासन के लचीलेपन के चलते अतिक्रमियों का हौसला बुलंद होने से सरकारी भूमि पर कब्जा करने के बाद पक्का निर्माण करवाकर लाखों रूपए में इसका बेचान स्टाम्प पेपर के माध्यम से अन्य व्यक्ति को कर दिया गया। प्रदेशभर में जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है लेकिन छतरगढ़ प्रशासन महज नोटिस चस्पा कर खानापूर्ति कर रहा है।

## किसानों को गुलाबी सुंडी का प्रकोप रोकने की जानकारी दी

- फेरोमन ट्रैप से गुलाबी सुंडी के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी




गुलाबी सुंडी प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला में कृषि अनुसंधान अधिकारी जगजीत सिंह ने गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र के बारे में जानकारी दी।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में बीटी कपास की फसल में गुलाबी सुंडी की सर्वे रिपोर्ट में गुलाबी सुंडी का प्रकोप देखा गया है परन्तु अभी यह आर्थिक हानि स्तर से कम पाया गया है। गुलाबी सुंडी कीट प्रकोप को प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित करने के लिए कृषि विभाग लगातार प्रयासरत हैं।

आज पदमपुर मंडी के व्यापार मंडल हॉल में कृषि विभाग एवं पेस्टिसाइड यूनियन पदमपुर के तत्वावधान में कृषि आदान विक्रेताओं को गुलाबी सुंडी के प्रति जागरूक करने एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पदमपुर मंडी के 60 खाद बीज विक्रेताओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में कृषि अनुसंधान अधिकारी जगजीत सिंह ने गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कीट गत वर्ष के बीटी कपास के अर्द्ध खुले टिंडों में सुषुप्त अवस्था में पड़ा था, जो अब अनुकूल परिस्थितियों के मिलते ही पतंगे के रूप में निकलकर फसलों में प्राथमिक संक्रमण कर रहा है।

सहायक निदेशक कृषि कविता स्वामी ने फेरोमन ट्रैप के माध्यम से गुलाबी सुंडी की मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि प्रति फेरोमेन ट्रैप 5 से 8 नर पतंगे लगातार तीन दिन तक ट्रैप में आ रहे हैं तो आगामी दिनों में फसल में गुलाबी सुंडी के प्रकोप की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है।

सहायक निदेशक कृषि मुख्यालय सुरजीत कुमार ने बताया कि फसल में गुलाबी सुंडी कीट का प्रकोप पाया जाता है तो पहली स्प्रे नीम आधारित कीटनाशकों जैसे-नीम तेल 5 एमएल/लीटर या अजाडिरेक्टिन 300 पीपीएम 5 एमएल/लीटर की की दर से करें।

## कलाकार एक फनकार अनेक कार्यक्रम 21 को

**बीकानेर,**(कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा 21 जुलाई को शाम सात बजे होटल बाबू पैलेस रानी बाजार पुल के पास में पार्श्व गायक मोहम्मद रफी साहब शताब्दी वर्ष व मुकेश की जयंती गायक मोहम्मद रफीक कादरी के जन्मदिन पर कलाकार एक फनकार अनेक कार्यक्रम में मो रफीक कादरी का एकल गायन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कादरी के साथ अमन कला केन्द्र के कलाकार डुएट गीत कादरी के साथ पेश करेंगे। संस्था के अनवर अजमेरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होटल बाबू पैलेस के डायरेक्टर हाजी अयूब अली सोढ़ा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रितेश अरोड़ा बीकानेर कंप्यूटर एजुकेशन डॉट कॉम व संगीत प्रेमी नारायण बिहानी करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ गौरव गोम्बर, डॉ श्याम अग्रवाल, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, सैयद अख्तर अली, डॉ मुकेश सिंघल, डॉ राकेश रावत, डॉ हिमांशु दाधीच होंगे।

## सार-समाचार

### मुरलीधर कन्या कॉलेज में पौधारोपण



मुरलीधर कन्या कॉलेज में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये गए।

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के हृदय स्थल मुरलीधर कन्या महाविद्यालय में शनिवार को सघन वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार हरियालो राजस्थान योजना के तहत महाविद्यालय में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये गये। प्रो. पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि मुरलीधर क्षेत्र की पार्षद सुधा आचार्य एवं विशिष्ट अतिथि कम्पनी सचिव एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष गिरीराज जोशी थे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पुरोहित ने कन्या महाविद्यालय के लिये पर्याप्त भूमि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। जिस पर पार्षद ने राज्य सरकार के संज्ञान में यह विषय लाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद सुधा आचार्य ने बताया कि वृक्ष जीवन के अभिन्न अंग हैं तथा प्रत्येक विद्यार्थी एवं नागरिकों को जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिये। उन्होंने सहजन एवं खेजड़ी तथा अन्य पादपों के महत्व की जानकारी दी। आचार्य ने बताया कि वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं वरन उसे जीवन पर्यन्त पालना भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि गिरीराज जोशी ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिये रोटरी क्लब तथा अन्या सामाजिक संगठनों का हरसंभव सहयोग दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन श्रीनिवास शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन तेजकरण चौहान ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. अमिता जैन, प्रो. शशि बेसरवारिया, दिव्या सिंह चारण सहित बड़ी संख्या में कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थी।

### बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरण



महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र ने जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया।

**बीकानेर,**(कासं)। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र द्वारा सेवा कार्य के तहत आज आदर्श शिक्षा निकेतन माध्यमिक विद्यालय, रामदेव पैलेस के सामने, विनायक कॉलोनी सुजानदेसर घाटी में प्राइमरी से लेकर 10वीं कक्षा तक के जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य हमारे समाज में शिक्षा की अलख जगाने और बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र के सदस्य नरेन्द्र सुराणा, संतोष बांठिया, शिखर चंद सुराणा, मेघराज बोथरा, मनीष सुराणा, आयुष सुराणा मौजूद थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ भी इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह सेवा कार्य वीर शिखर चंद सुराणा परिवार के आर्थिक सहयोग से संभव हो पाया। जिसकी कुल लागत 11000 रूपए रही। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र की यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों से समाज को लाभान्वित किया जायेगा।

### एक मुश्त निपटारा योजना शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान वित्त निगम प्रशासन द्वारा गैर निष्पादित खातों के लिये एक मुश्त निपटारा योजना 2023-24 शुरू की गई है। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शाखा कार्यालय बीकानेर के प्रबंधक रिछपाल पावड़िया ने बताया कि योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2023 को डेफिसिट, डिक्रीटल, अपलिखित व गैर निष्पादित श्रेणी में वर्गीकृत खाते जिनमें किसी भी प्रकार की कोई सम्पत्ति नहीं है, उनको ब्याज में शत-प्रतिशत छूट के साथ-साथ मूलधन राशि में भी 15 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक छूट प्रदान करते हुए खातों का निपटारा किया जायेगा। तथा ऐसे खाते जिनमें सम्पत्ति है, उनको समस्त बकाया राशि में 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करते हुए खातों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योग्य खाताधारक योजना का लाभ लेने हेतु रूपये 2000 मय 18 प्रतिशत जीएसटी एवं मूलधन राशि का 5 प्रतिशत बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। सैटलमेंट राशि का भुगतान 45 दिवस में करना होगा व जो खाताधारक 45 दिवस में भुगतान करने में सक्षम नहीं है, वे 12 मासिक किस्तों में 10 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ भुगतान करने का विकल्प ले सकते हैं। योजना 30 सितम्बर तक प्रभावी रहेगी। शाखा कार्यालय हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर का बीकानेर में विलय हो जाने के कारण इन तीनों शाखाओं के योग्य धारकों को योजना का लाभ लेने हेतु शाखा बीकानेर में पंजीकरण करवाना होगा। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय समय में चौपड़ा कटला रानी बाजार बीकानेर स्थित शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

### गुरू पूर्णिमा व महाआरती 21 को

**बीकानेर,** (कासं)। गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर परम श्रद्धेय गुरूदेव शिव भगवान के सानिध्य में 21 जुलाई को श्री गुरू गणेशधारा धाम भीनासर में भगवान श्री गणेश का विशेश श्रृंगार, पूजन, महाआरती, हवन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। समिति से जुडे पृथ्वीसिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर श्री गणेश मंदिर में रंग बिरंगी रोशनी से विशेष सजावट भी की जायेगी। मंदिर परिसर में रात्रि जागरण भी होगा जिसमें बीकानेर के जाने माने कलाकारों द्वारा मनमोहन प्रस्तुतियां दी जायेगी।

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/319 दिनांक :- 10/7/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की खुलीबिक्री योजना -2000 में चालान संख्या 12 द्वारा राशि रू. 18000/-जमा करवाकर श्रीमति गीता पारीक पत्नि श्री दुर्गाराम पारीक ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं.13/238 मुक्ताप्रसाद नगर, बीकानर का कुल क्षेत्रफल 72 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 2455 दिनांक 8.3.2000 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नहीं है।
तत्पश्चात श्रीमति गीता पारीक की मृत्यु दिनांक 14.2.2022 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री लीलाधर पारीक ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया। उक्त आवास श्री लीलाधर पारीक के नाम रिलीज डीड के माध्यम से किया गया। उक्त रिलीज डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 18.3.2024 से पंजीकृत हैं।
श्री लीलाधर पारीक पुत्र श्री दुर्गाराम पारीक ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री लीलाधर पारीक पुत्र श्री दुर्गाराम पारीक का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करन की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री लीलाधर पारीक पुत्र श्री दुर्गाराम पारीक का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।